आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph.: 0141-2706550

क्रमांकः F4(VIVIDH)CCE/ 2024—13761/Part/

प्राचार्य,
समस्त राजकीय/निजी महाविद्यालय,
जयपुर शहर।

विषयः— साहित्यक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम ''*The ढूँढाड़ Talks*'' में विद्यार्थियों की भागीदारी के संबंध में।
संदर्भः— संयोजक, The ढूँढाड़ Talks का पत्र (प्रति संलग्न)।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है 'राष्ट्रहितं मम कर्तव्यम्' के भाव एवं युवाओं में भारत के स्व का बोध कराने के उद्देश्य से पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, सीतापुरा, जयपुर द्वारा दिनांक 17—18 जनवरी, 2025 को दो दिवसीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम ''*The ढूँढाड़ Talks*'' का आयोजन किया जा रहा है।

अतः युवाओं में राष्ट्रीय भाव का निर्माण करने वाले इस कार्यक्रम में आपके महाविद्यालय से अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करावें।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

(प्रो. विजय सिंह जाट)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—
1. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को अपलोड करने हेतु।
4. रक्षित पत्रावली।

(प्रो. विजय सिंह जाट)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)

Signature valid
Digitally signed by Vijay Singh Jat
Designation : Joint Director
Date: 2025.01.10 11:28:15 IST
Reason: Approved

श्रीमान् आयुक्त महोदय

कॉलेज शिक्षा, शिक्षा संकुल

जयपुर, राजस्थान।

विषय – साहित्यक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम *"The ढूँढाड़ Talks"* में विद्यायर्थियों की भागीदारी हेतु निवेदन।

महोदय,

'राष्ट्रहितं मम कर्तव्यम्' के भाव को लेकर अयोजित हो रहे कार्यक्रम *"The ढूँढाड़ Talks"* जो की युवाओं में भारत के स्व का बोध कराने के उद्देश्य के साथ दो दिवसीय साहित्यक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम है। कार्यक्रम मे देश के प्रसिद्व वक्ताओं द्वारा देश के विभिन्न सामरिक विषयों पर संवाद, देश की सांस्कृतिक विरासत को लेकर जागरूकता उत्पन्न करने वाले विभिन्न गतिविधियों व युवाओं के विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित होनी है।

युवाओं में राष्ट्रीय भाव का निर्माण करने वाले इस कार्यक्रम में अधिकतम युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु आपसे निवदेन है कि जयपुर जिले के कॉलेज एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों की भागीदारी हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में रचानात्मकता के साथ–साथ राष्ट्रीयता का निर्माण करने वाला होगा।

कार्यक्रम विवरण

दिनांक – 17–18 जनवरी, 2025

स्थान – पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, सीतापुरा, जयपुर ।

कार्यक्रम *"The ढूँढाड़ Talks"* की विस्तृत जानकारी के लिए कार्यक्रम सूचना एवं समयसारणी संलग्न है।

धन्यवाद

निवेदक

डॉ० बुद्धिप्रकाश शर्मा

संयोजक, *"The ढूँढाड़ Talks"*

दुरभाष – 966045021